## खबर संक्षेप

### महावीर अवार्ड के तहत मिलेगा 10,000 मिलेंगे

**करनाल।** भगवान महावीर फाउंडेशन द्वारा चार क्षेत्रों में महावीर पुरस्कार दिया जाएगा। इस पुरस्कार के तहत विजेता को 10 हजार पुरस्कार नकद राशि और प्रशंसा पत्र दिया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सूचना जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के परियोजना अधिकारी पवन आर्य ने कहा कि भगवान महावीर फाउंडेशन द्वारा अंहिसा और शाकाहार, शिक्षा, दवा तथा समुदाय और सामाजिक सेवा सहित चार क्षेत्रों में महावीर पुरस्कार दिए जाने है।

### जिला कष्ट निवारण एवं डीडीएमसी की बैठक आज

**करनाल।** जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 26 जून को दोपहर बाद 3 बजकर 30 मिनट पर पंचायत भवन में होगी। इस बैठक में हरियाणा के स्थानीय शहरी निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी 26 जून को दोपहर बाद पंचायत भवन के सभागार में होने वाली जिला लोकसम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में समय पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

### विवाहिता को दहेज के लिए किया प्रताड़ित

**घरौंडा।** एक विवाहिता को दहेज़ के लिए प्रताड़ति करने, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज़ कर जांच शुरू कर दी है। गांव बरसत निवासी साक्षी ने पुलिस में शिकायत दर्ज़ कराई कि उसकी शादी 26 नवम्बर 2020 मे लाडवा निवासी संजय के साथ हिन्दु रिति रिवाज के साथ हुई थी। उसका पति शादी के कुछ माह के बाद ही उसके साथ मारपीट करने लगा। उसकी सास कृष्ण, नंनद व इंदु भी उसके साथ बिना वजह मारपीट करती है।

### भारत विकास परिषद ने लगाई ठंडे पानी की छबील

**घरौंडा।** भीषण गर्मी को देखते हुए भारत विकास परिषद शाखा घरौंडा की तरफ से नए बस स्टैंड पर एक जल सेवा की मुहीम चलाई गई जिसमे प्रतिदिन 150 से 200 कैंपर लगे उसकी के साथ इस 25 दिन की सेवा मे कढ़ी चावल, मीठे पानी, का भी आयोजन बिच मे किया गया। बसों मे आने जाने वाले राहगीरों को जल सेवा के माध्यम से गर्मी से राहत दिलाई इसी के साथ राहगीरों एवं बस ड्राइवर एव कंडेक्टर ने भी इस मुहीम की तारीफ की यह जल सेवा 25 दिन चली जिसमें लगभग 2 लाख से अधिक यात्रियों ने जल पिया।

### श्रद्धालुओं के लिए खाद्य सामग्री के दो ट्रक रवाना

**घरौंडा।** श्री अमरनाथ सेवा मंडल की ओर से नई अनाज मंडी घरौंडा से अमरनाथ में श्रद्धालुओं के लिए खाद्य सामग्री के दो ट्रक रवाना किए गए। ट्रक को रवाना करने से पहले पूजा अर्चना की गई। जगदम्बा एग्रिको एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के एम डी ने ट्रक को हरी झंडी देकर रवाना किया। इसी के साथ नई अनाज मंडी से बेंड बाजो के साथ शोभा यात्रा रेलवे रोड पर होते ट्रक रवाना किया गया उन्होंने कहा कि किसी भी रूप में मानवता की सेवा करनी चाहिए।

---

### प्रार्थी मीनाक्षी ने कार्य पूरा होने पर प्रशासन का जताया आभार

# समाधान शिविर में 28 शिकायतों का मौके पर किया समाधान

**डी.सी के साथ-साथ एसडीएम स्तर के अधिकारी स्वयं समाधान शिविरों में सुबह 9 बजे से लेकर 11 बजे तक समस्याओं को सुनते हैं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। शिकायतों का मौके पर ही समाधान करते हुए अधिकारी व कर्मचारी।

समाधान शिविर लोगों की समस्या का मौके पर निदान करने के लिए वरदान साबित हो रहे है। इन शिविरों में रोजाना दर्जनों लोग अपनी समस्याओं का मौके पर समाधान करवा रहे है। यह शिविर अब लोगों की हर समस्या के समाधान का एक माध्यम बन रहा है। अहम पहलू है कि जिला स्तर के समाधान शिविरों में 28 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया है। डी.सी उत्तम सिंह के साथ-साथ एसडीएम स्तर के अधिकारी स्वयं समाधान शिविरों में सुबह 9 बजे से लेकर 11 बजे तक लोगों की समस्याओं को सुनते है और उनका मौके पर समाधान करते है। उपायुक्त ने कहा कि जिला मुख्यालय के अलावा उपमंडल स्तर पर आयोजित किये जा रहे समाधान शिविर लोगों के चेहरों पर सुखद अनुभूति का अहसास करा रहे हैं। शिकायत का समाधान होने पर न केवल उनके चेहरे की शिकन दूर हो रही है बल्कि सरकार का भी आभार जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है।

इस समाधान शिविर में सीएचडी सिटी के मकान नंबर 580 की निवासी मीनाक्षी भी समस्या के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंची। उन्हें अपनी प्रॉपर्टी आईडी की ही जानकारी नहीं थी। निगम कर्मचारियों ने गूगल मैप की मदद से उनकी प्रॉपर्टी आई का पता लगाया। साथ ही मोबाइल नंबर व एरिया भी अपडेट किया। मीनाक्षी ने इसके लिए प्रशासन का आभार जताया। अवतार सिंह कालोनी के श्याम लाल गुप्ता का भी नगर निगम रिकार्ड में मोबाइल अपडेट किया गया। इसके अलावा पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मकान नंबर 541 की निवासी उर्मिला ने नाम शुद्धि के लिये पहले से आवेदन कर रखा था। शिविर में आकर उन्हें पता चला का नाम ठीक कर दिया गया है। लगे हाथों उन्होंने मोबाइल नंबर भी अपडेट करा लिया। समस्या के समाधान से उर्मिला काफी खुश नजर आई। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से मौके पर ही समस्या का निपटारा होने से लोगों को बहुत राहत मिल रही है।

**यहां लगे शिविर**

आज करनाल के अलावा नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में आज भी समाधान शिविरों का आयोजन किया गया इनमें विभिन्न विभागों से संबंधित 28 का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित शिविर में आज 12 का समाधान किया, दो शिकायतें रद्द कर दी गई। जिला सचिवालय में आयोजित शिविर में आज अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण, डीएसपी नायब सिंह, डीडीपीओ कृष्ण लाल, एसडीई राजेंद्र सिंह, गुरमीत सिंह, भाजपा नेता अनूप लाठर के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

---

# शिविर में 50 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। शिविर में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

नशा मुक्त भारत अभियान के अंर्तगत हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के कार्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमे 50 से अधिक युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय राजकुमार कुमार रंगा मुख्यातिथि रहे। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि युवाओं को रक्तदान करना चाहिए और रक्तदान अति पुण्य का कार्य है। उन्होंने बताया कि यह रक्तदान शिविर विशेष रूप से नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को चाहिए कि वे नशे से दूर रहने और रक्तदान कर स्वस्थ जीवन यापन करें। उन्होंने युवाओं से आशा व्यक्त करते हुए कहा कि युवा देश का भविष्य है और ऐसे लोगों को भी जागरूक करने की जिम्मेदारी सबकी है जो नशे की सुई लगाकर अपने जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा शिविर के संयोजक रहे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त सहायक कुलसचिव दविन्द्र सचदेवा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# समाधान शिविर में पहुंचते ही बनी विधुर की पेंशन

**बीबीपुर जाटान गांव के दलबीर सिंह ने खुश होकर किया सरकार का धन्यवाद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



दलबीर सिंह।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिला में हर रोज कार्य दिवसों के दिन उपमंडल स्तर व जिला सचिवालय में प्रशासन द्वारा समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इन समाधान शिविरों में प्रशासनिक अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन आमजन की सैंकड़ों समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। जिनमें बीपीएल कार्ड, फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी, इंतकाल से संबंधित समस्याएं आदि शामिल हैं। मंगलवार को बीबीपुर जाटान गांव के दलबीर सिंह जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में अपनी समस्या लेकर पहुंचे। उनकी समस्या विधुर पेंशन न शुरू होने को लेकर थी। दलबीर सिंह ने जैसे ही अपनी समस्या के बारे में प्रशासनिक अधिकारियों तथा कर्मचारियों को अवगत करवाया तो समाज कल्याण विभाग द्वारा उनकी पेंशन मौके पर ही शुरू कर दी गई।

### शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं नहीं सुधार पाए सीएम सैनी : त्रिलोचन

**करनाल।** करनाल कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पूर्व सीएम मनोहर लाल की तरह नाकाम साबित हो रहे हैं। पिछले तीन से चार महीनों में शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में कोई सुधार नहीं किया गया। त्रिलोचन सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति पर कोई अमल नहीं किया गया। प्रदेश में स्कूलों को बंद कर बच्चों को शिक्षा से वंचित रखने का काम किया जा रहा है। नए शिक्षकों की भर्ती नहीं की जा रही, जबकि पुराने शिक्षक रिटायर हो रहे हैं।



---

# डॉक्टरेट ऑफ फिलोसफी की मानद उपाधि से अंलकृत हुए भगत राम

**देश भर से कुल छह प्रतिभाओं को पी.एच.डी डिग्री प्रदान कर किया गया सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। डॉक्टरेट ऑफ फिलोसफी की मानद उपाधि से सम्मानित होते हुए शिक्षाविद एवं अधिवक्ता भगत राम खण्डवाल।

विगत दिवस सीत्राम मेमोरियल ट्रस्ट एवं साउथ अमेरिकन पीस युनिवर्सिटी के सौजन्य से वृन्दावन की पावन धरा पर क्रिधा रेजीडेंसी के सभागार में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए अलग-अलग विधाओं में पारंगत प्रतिभागियों को फिलोसफी में डॉक्टरेट की मानद उपाधि (पी.एच.डी डिग्री) प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर करनाल के गौरव प्रसिद्ध समाजसेवी, शिक्षाविद एवं अधिवक्ता भगत राम खण्डवाल को उत्तम कानूनी सेवाओं के लिये डॉक्टरेट ऑफ फिलोसफी की मानद उपाधि (पी.एच.डी डिग्री) प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर देश भर से कुल छह प्रतिभाओं को पी.एच.डी डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिनमें करनाल के गौरव भगत राम खण्डवाल अधिवक्ता को सम्मानित किया गया।

# एसडीएम ने परिवहन विभाग की ली बैठक

**सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत सरकार द्वारा निर्धारित सभी मानकों की करनी होगी पालना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री



इंद्री। एसडीएम कार्यालय इंद्री मे अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम अशोक कुमार।

इंद्री के एसडीएम अशोक कुमार ने हरियाणा सरकार परिवहन विभाग द्वारा जारी सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी से संबंधित अपने कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली और सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना करने के लिए कमेटी का गठन किया गया। एसडीएम ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी द्वारा स्कूली बसों में बच्चों की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा जारी सभी मानकों का होना बहुत ही आवश्यक है। बच्चों की सुरक्षित यात्रा के सम्बन्ध में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा बच्चों की सुरक्षा के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। उन्होने बताया कि सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत सरकार द्वारा निर्धारित सभी मानकों का पालन करना सुनिश्चित करना होगा ताकि बच्चों को एक सुरक्षित वाहन की सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान यदि किसी स्कूल वाहन में सरकार द्वारा जारी हिदायतों की अनदेखी पायी गई तो उस स्कूल के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। प्राइवेट स्कूल वाहन मालिकों को निर्देश दिए कि वे हरियाणा सरकार द्वारा सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के नियमों का पालन अवश्य करें।

**अफसरों को हिदायत**

एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि सरकार की हिदायत अनुसार स्कूल बसों में एक सीसीटीवी कैमरा आगे एक पीछे होना चाहिए, जिनमें डिजिटल वीडियो रिकॉर्डिंग टिल्ट जूम आदि की क्षमता हो। इन सीसीटीवी कैमरों की अच्छी रिकॉर्डिंग करने की क्षमता होनी चाहिए। स्कूली बसों में लड़कियां यात्रा करती है, तो उन बसों में महिला अटेंडेंट का होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूल बसों में जीपीएस सिस्टम लगा हो। बस ड्राइवर के पास बस चलाने का कम से कम 5 साल का अनुभव होना चाहिए।

---

# शहर में चलाया जा रहा सफाई अभियान

**मेगा सफाई अभियान के तहत बुढाखेड़ा के बाहरी क्षेत्र में की गई साफ-सफाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। मेगा सफाई अभियान के तहत बुढाखेड़ा के बाहरी क्षेत्र की साफ-सफाई करते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत करनाल शहर में 21 से 30 जून तक मेगा सफाई अभियान बड़े जोर-शोर से चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को वार्ड नम्बर 2 के बुढाखेड़ा गांव के बाहरी क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी मात्रा में पॉलिथीन उठाया गया। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेगा सेफाई अभियान के तहत बीती 21 जून से रोजाना शहर के अलग-अलग हिस्सों में साफ-सफाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियान में ऐसे क्षेत्रों की सफाई की जा रही है, जहां नागरिक आते-जाते खुले में कूड़ा-कर्कट फैलाते रहते हैं। साफ-सफाई के पश्चात सम्बंधित क्षेत्र की आई.ई.सी. भी की जाती है, ताकि वह दोबारा वहां पर कूड़ा-कचरा ना फैलाएं। उन्होंने बताया कि बीते दिनों में वार्ड नम्बर 15 के जाटों गेट के सामने स्थित एक पौंड के चारों ओर साफ-सफाई की गई। इसके अतिरिक्त सैक्टर-12 संडे सेल बाजार क्षेत्र तथा पाठक अस्पताल के सामने खाली पड़े क्षेत्र में भी मेगा सफाई अभियान के तहत विशेष साफ-सफाई की गई है।

**ये रहे मौजूद**

अतिरिक्त निगम आयुक्त ने शहर वासियों से पुनः अपील करते कहा कि वह घरों से निकलने वाले कूड़े-कचरे को अपने डस्टबिन में ही इकठ्ठा करके रखें और उसे नगर निगम के कूड़ा एकत्र करने वाले वाहन में ही डालें। कचरे में आग लगाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है, जिससे नागरिकों को भी सांस लेने में दिक्कत आती है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते कहा कि वह मेगा सफाई अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और अपने शहर को क्लीन सिटी बनाने में सहयोग दें। मेगा सफाई अभियान में सफाई निरीक्षक ऊषा रानी, स्वच्छ भारत मिशन शहरी टीम से ट्रीगर मास्टर गुरदेव सिंह, मोटीवेटर व स्वास्थ्य स्वच्छता निरीक्षक, दरोगा सुरेन्द्र, मनीष, तेजपाल, रामफल आदि मौजूद रहे।

# आप की रैली में आपस में भिड़े कार्यकर्ता

**प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता का विरोध किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



घरौंड़ा। आपस में भिड़ते आप कार्यकर्ता।

करनाल की नई अनाज मंडी में आयोजित आम आदमी पार्टी की रैली में पार्टी कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। पार्टी के किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष करण धनखड़ ने प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता का विरोध किया और हंगामा किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके साथ मारपीट भी की।

करण सिंह धनखड़ ने आरोप लगाया कि कुरुक्षेत्र में लोकसभा चुनाव के दौरान आप प्रत्याशी सुशील गुप्ता ने दो लाख रुपये की मांग की थी, लेकिन मैं अपनी आर्थिक तंगी के कारण पैसे देने में असमर्थ था। सुशील गुप्ता ने मुझे धमकाया था। जिसका नतीजा यह हुआ कि रविवार को गुप्ता ने कांग्रेस पार्टी के प्रभाव में आकर मुझे उपाध्यक्ष पद से निलंबित कर दिया। 2 लाख रुपए की मांग और धमकियों के कारण करण धनखड़ मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान हो गया था, जिसकी शिकायत उसने 23 जून को रोहतक बस स्टैंड चौकी में की थी। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि विधानसभा चुनाव की तैयारियों को देखते हुए यह रैली आयोजित की गई है। उन्होंने कहा, आज करनाल में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसमें हरियाणा के विभिन्न हिस्सों से कार्यकर्ता पहुंचे हैं।

**सुनीता केजरीवाल नहीं पहुंचीं**

आप के राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. संदीप पाठक सहित अन्य वरिष्ठ नेता करनाल में आयोजित रैली में शामिल हुए, लेकिन पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल को जमानत नहीं मिलने के कारण उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल रैली में शामिल नहीं हो सकीं।

---

# बायोगैस प्लांट योजना में 40% दिया जा रहा अनुदान : पिलानी

**योजना का लाभ उठाने के लिए 5 जुलाई 2024 तक आवेदन किया जा सकता है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



जानकारी देते ए.डी.सी अखिल पिलानी।

ए.डी.सी अखिल पिलानी ने बताया कि सरकार द्वारा वर्ष 2023-24 के दौरान बायोगैस को बढ़ावा देने के लिए संस्थागत बायोगैस प्लांट योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत बायोगैस प्लांट की लागत का 40 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है और योजना का लाभ पोल्ट्री फार्म सहित संस्था, खुद की डेयरी व गऊशाला ले सकते हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए 5 जुलाई 2024 तक आवेदन किया जा सकता है। ए.डी.सी अखिल पिलानी ने बताया कि इस योजना के तहत 25 क्यूबिक मीटर के लिए 70 से 80, 35 क्यूबिक मीटर के लिए 100 से 110, 45 क्यूबिक मीटर के लिए 125 से 140, 60 क्यूबिक मीटर के लिए 175 से 180 तथा 85 क्यूबिक मीटर के लिए 250 से 270 पशुओं से प्राप्त गोबर की आवश्यकता होती है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा गौशालाओं, धर्मार्थ संस्थान, पोल्ट्री फार्म, वाणिज्यिक और व्यक्तिगत डेयरियों में बायोगैस प्लांट लगाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। इस स्कीम की अधिक जानकारी के लिए लघु सचिवालय की दूसरी मंजिल पर स्थित कमरा नं. 16 में सम्प्रक कर सकते हैं और अपना आवेदन जमा करवा सकते हैं।

### शहर के 29 चौंक पर रखी जा रही है सीसीटीवी से नजर

# शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर प्रशासन अलर्ट

**डीसी उत्तम सिंह ने करनाल के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट इंटाग्रेटिड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का किया औचक निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट इंटाग्रेटिड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण करते हुए डीसी उत्तम सिंह। फोटो : हरिभूमि

डी.सी उत्तम सिंह ने कहा कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पर नियंत्रण रखने के लिए आईसीसीसी प्रोजेक्ट एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम कर रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत शहर के हर चौराहे और मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक व्यवस्था पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से नजर रखी जा रही है। अहम पहलू है कि शहर के 29 प्रमुख चौकों पर सीसीटीवी के माध्यम से हर पल की गतिविधि को भी देखा जा रहा है। मंगलवार को उपायुक्त उत्तम सिंह ने सेक्टर-12 स्थित आई.सी.सी. सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों से शहर की ट्रैफिक मॉनिटरिंग संबंधित पूरी जानकारी ली है। इस दौरान पुलिस और आईसीसीसी अधिकारियों के बीच आपसी तालमेल के लिए एक कॉमन टेलिफोन नम्बर भी निर्धारित किया है। इस निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कुछ खामियां दूर करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए है। उपायुक्त ने आई.सी.सी. सेंटर में लगी वीडियो वाल पर इस प्रोजेक्ट में शामिल विभिन्न घटकों के फंक्शन को देखा। चौक-चौराहों पर लगे कैमरे और ट्रैफिक लाइट कैसे काम कर रही हैं, इसके लाईव देखने में उन्होंने काफी रूचि दिखाई।

**यह बनाया गया है प्लान**

आईसीसीसी के मुख्य प्रबंधक गौरव तिवारी ने उपायुक्त को प्रत्येक घटक की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट स्मार्ट सिटी के महत्वपूर्ण प्रोजेक्टों में से एक है, जो शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और उसके नियंत्रण से जुड़ा है। इस प्रोजेक्ट के 6 फील्ड कम्पोनेंट्स यानि घटक हैं। इनमें वीएमडी यानि वेरिएबल मैसेज डिस्प्ले बोर्ड 36 हैं, जिनमें से अब तक 31 लगाए जा चुके हैं और 27 चालू हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी की इंस्टालेशन 29 चौक-चौराहों पर हो चुकी है, जबकि 128 जंक्शन पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम लग चुका है। इसी प्रकार 35 में से 32 जगहों पर एमरजेंसी कॉल बॉक्स लगाए जा चुके हैं और 2 एंवायरमेंटल सेंटर लगाए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### किशोरी लापता, तीन पर केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव पलडी में स्थित एक ईंट भट्ठे पर निवास कर रही 16 साल की लड़की घर से संदिग्ध परिस्थितियों में चली गई। वह एक कार सवार तीन युवकों संग गई है। प्लानिंग के तहत उसने परिजनों को खाने में नशीला पदार्थ खिलाया। देर रात सभी की बेहोशी का फायदा उठाकर वह घर से निकल गई। दूसरी ओर, लडकी के पिता ने अपनी बेटी के मामले में मोंटी, कृष्ण व पौना निवासी गांव नौल्था जिला पानीपत को नामजद करते हुए थाना इसराना पुलिस को शिकायत दी है।

### दीनानाथ कॉलोनी में विधवा के घर चोरी

**पानीपत।** पानीपत की दीनानाथ कॉलोनी निवासी मीना के घर चोरी हो गई। मीना, मारपीट के मामले में जेल में बंद थी। एक महीने बाद जब वह लौटी तो घर का ताला टूटा मिला। कमरे से 20 हजार रूपये की नकदी और अन्य सामान गायब था। मीना की शिकायत पर थाना तहसील कैंप ने अज्ञात पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला के घर से नगदी व जेवर चोरी

**पानीपत।** समालखा में निवास कर रही रानी के घर का ताला तोड पर चोरों ने नकदी और जेवरात चोरी कर लिए हैं। रानी, सोनीपत में बंगलों में सफाई का काम करती है। 23 जून को सुबह करीब 7 बजे वह अपने घर को ताला लगाकर सोनीपत में काम पर चली गई। रात करीब 10 बजे वह वापस लौटी तो घर में चोरी होने का पता चला। चोर, रानी के घर से पांच हजार रूपये की नगदी, एक जोड़ी कानों की बालिया, 4 ग्राम वजनी पायजेब समेत अन्य सामान चोरी हो गया।

### मारपीट के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस टीम ने डाडौला गांव में खेत में काम कर रहे पिता श्याम सिंह व पुत्र सतबीर को गंभीर चोट मारने मामले में आरोपी कृष्ण पुत्र मांगेराम निवासी गांव डाडौला को गिरफ्तार किया है। थाना औद्योगिक सेक्टर 29 प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव ने बताया कि इस मामले में लीलू राम पुत्र पहल सिंह निवासी गांव डाडौला की शिकायत पर केस दर्ज है।

### कट्टे के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने हुडा सेक्टर 18 पुलिया पर अंकित उर्फ मटर पुत्र ऋषिपाल निवासी गांव गोयला खेड़ा जिला पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 13/17 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### जिला रोड सेफ्टी की बैठक आज

**पानीपत।** पानीपत की नगराधीश टीनू पोसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला रोड सेफ्टी की बैठक की अध्यक्षता 26 जून को प्रात 11:30 बजे जिला सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त एवं रोड सेफ्टी समिति के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया करेंगे।

### जयकिशन समालखा ब्लाक के बने प्रधान

**पानीपत।** अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा की जिला इकाई के प्रधान सतबीर सिंह धामू की अध्यक्षता में पट्टीकल्याणा गांव में बैठक हुई। बैठक में जयकिशन जांगड़ा को समालखा ब्लाक का प्रधान बनाया गया। सभी सदस्यों ने नवनियुक्त ब्लाक प्रधान जयकिशन का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर रमेश चंद जांगडा, कुलदीप जांगडा, धर्मपाल जांगडा, जयभगवान जांगडा, महेंद्र सिंह जांगडा, मदन लाल जांगडा, जिले सिंह जांगडा, दीपचंद जांगडा, विष्णु जांगडा व सुशील शर्मा आदि मौजूद रहे।

### दो घरों से नकदी व आभूषण चोरी

**यमुनानगर।** छछरौली के दयालपुरी मंदिर के पास चोरों ने दो घरों को निशाना बनाकर 60 हजार रुपये तथा सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए।

## आज भी कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता नहीं गई : विज

# भारतीय लोकतंत्र में सबसे दुखद अध्याय है आपातकालः भट्ट

### कांग्रेस सरकार ने आपातकाल लगा कर लोकतंत्र की हत्या की थी: ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



**पानीपत।** भाजपा के कार्यक्रम में मंचासीन विधायक प्रमोद विज, जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट आदि। *फोटो : हरिभूमि*

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 25 जून 1975 को काला दिवस के रूप में जाना जाएगा। आपातकाल लोकतंत्र पर न मिटने वाले काले धब्बे के समान है। वहीं, भारत के नागरिक इस काले दिवस की घटना को कभी नहीं भूल पाएंगे। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने जिला कार्यालय में आयोजित आपातकाल एक काला अध्याय नामक समारोह को संबोथित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारत में यूं तो प्राचीन काल से ही लोकतंत्र को महत्त्व दिया जाता रहा है और अधिकतर समस्याओं का समाधान पंचायतों के माध्यम से होता रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश की संविधान सभा ने विश्व के सभी बड़े देशों के संविधानों का अध्ययन करके ही देश में शासन करने की लोकतांत्रिक व्यवस्था लागू की थी। तब किसी को क्या पता था कि एक दिन कोई अदना सा नेता व्यक्तिगत स्वार्थों की पूर्ति हेतु भारत माता को गुलाम बनाने के लिए 25 जून 1975 को आपातकाल लागू कर देगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वाले कुछ भी कहें लेकिन उस समय के प्रधानमंत्री के विरुद्ध इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा सुनाई गई सजा से बचने के लिए ही इस महान लोकतांत्रिक देश भारत पर आपातकाल लगाने की घोषणा की थी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा भारतीय सभ्यता, संस्कृति, राष्ट्रीय एकता, अखंडता, देशभक्ति और लोकतंत्र को बचाने की आवाज उठाने वाले उन सभी लोगों और संगठनों को नमन करती है। जो लोग भारत की लोकतांत्रिक परम्पराओं में निष्ठा रखते हैं और देश के संविधान की गरिमा के प्रति समर्पित हैं वे इस काले दिवस को कभी नहीं भूल पाएंगे।

#### लोकतंत्र की हत्यारी है कांग्रेसः ढांडा

हरियाणा के विकास एवं पंचायत और सहकारिता राज्य मंत्री महिपाल ढांडा ने भी आपातकाल में सताए गए लोकतंत्र के रक्षकों को याद करते हुए कहा कि कांग्रेस ने ही 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोप कर लोकतंत्र की हत्या की थी। वही, आपातकाल लोकतंत्र पर एक काला धब्बा है। उन्होंने कहा कि उस समय की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लागू करते ही प्रेस पर प्रतिबंध लगा दिया। लोकतंत्र की रक्षा करने वाले चौथे स्तंभ यानि पत्रकारों को भी जेलों में डाल दिया। इधर, देश के समक्ष जम्मू कश्मीर और सभी सीमावर्ती राज्यों की समस्याओं को उलझाए रखा। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 10 साल के शासन में 70 साल से चली आ रही सभी छोटी बड़ी समस्याओं का समाधान करके देश में अमन शान्ति कायम की। उन्होंने कहा कि भाजपा के महान बलिदानी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. मंगलसेन जैसे नेताओं के बताए अन्त्योदय के मार्ग पर चलते हुए समाज के गरीब से गरीब व्यक्ति को गरीबी से निकाल कर मुख्य धारा में लाने के सभी प्रयास करती है।

#### यातना सह कर भी लोकतंत्र बचायाः विज

पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा कि आपातकाल में देश के महान नेताओं और देशप्रेमियों को जो यातनाएं दी गईं, उन्हें देश की जनता कभी नहीं भूला पाएगी। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस देश पर आपातकाल लगा कर न केवल स्वतन्त्रता सेनानियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई बल्कि विश्व में देश की छवि को भी धूमिल किया। विधायक विज ने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी स्वयं को लोकतंत्र का रक्षक बताते है, जबकि उनकी पार्टी के द्वारा लोकतंत्र की हत्या की गई इमरजेंसी लगाई गई वो ये सच अपनी पार्टी का किसी को नहीं बताते हैं।



जांगिड ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी शिवानी को सम्मानित करते हुए।

## शिक्षा इंसान की तरक्की की सशक्त राहः धामू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

पानीपत के गांव भोड़वाल माजरी निवासी शिवानी पांचाल के एचसीएस परीक्षा में पास होने पर अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा की जिला इकाई ने उनके घर पहुंचकर उनका स्वागत किया । सभा के पदाधिकारियों ने शिवानी पांचाल को शाल ओढ़ाकर, फूलों का गुलदस्ता देकर व मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया व आशीर्वाद दिया। जिला प्रधान सतबीर सिंह धामू ने कहा कि शिवानी ने विश्वकर्मा समाज का नाम रोशन करने का काम किया है। जिस प्रकार से सिर पर पिता का साया नहीं होने के बावजूद शिवानी ने इस मुकाम को हासिल किया है। इतनी हिम्मत व मेहनत बहुत ही कम बच्चे कर पाते हैं। दूसरे बच्चों को भी शिवानी से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढना चाहिए। इस अवसर पर रमेश चंद जांगडा, कुलदीप जांगडा, धर्मपाल जांगडा, जयभगवान जांगडा, महेंद्र सिंह जांगडा, मदन लाल जांगडा, जिले सिंह जांगडा, दीपचंद जांगडा, विष्णु जांगडा व सुशील शर्मा आदि मौजूद रहे।

## पार्क में योग शिविर आयोजित किया गया

**पानीपत।** पतंजलि महिला योग समिति की राज्य कार्यकारिणी सदस्य वीरा गोयल तथा तहसील प्रभारी ऋचा खुराना के सहयोग से सुखदेव नगर पार्क तथा अपना पार्क अंसल डी वन में हरिद्वार से आई साध्वी देव वाणी, देव गरिमा, राज्य प्रभारी अमर के द्वारा एक दिन का शिविर आयोजित किया गया। वहीं, देववाणी ने दावा किया कि योग करने से शरीर निरोगी होता है। इस मौके पर जिला प्रभारी मीनू सिंह, पूनम पालीवाल, बीना, सीमा छाबड़ा, जेपी गुलाटी, संजीव चुघ, शीला, नीलम, बलवान सिंह, विनोद, सुमन वधवा व रोमा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## पेंशन बहाली को लेकर किया प्रदर्शन

- पेंशन संवाद कार्यक्रम में लिया 10 जुलाई को आक्रोश मार्च फैसला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत




**पानीपत।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति के पदाधिकारीगण अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

पेंशन बहाली संघर्ष समिति पानीपत का ब्लॉक स्तरीय पेंशन संवाद कार्यक्रम राज्य महासचिव ऋषि नैन की अध्यक्षता में हुआ। संचालन ब्लॉक प्रधान मुकेश पटवारी ने किया। कार्यक्रम मुख्य रूप से ब्लॉक मतलौडा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल, ब्लॉक पानीपत में नहर बाईपास पर इरिगेशन विभाग व ब्लॉक बापौली में बिजली विभाग छाजपुर में आयोजित किया गया। पेंशन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य ऑडिटर विजय भूना व जिला प्रधान विजय शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि मौजूदा सरकार कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर गंभीर नहीं है। राज्य महासचिव ऋ षि नैन ने ब्लॉक व जिला कार्यकारिणी को निर्देश देते हुए बताया कि पेंशन वाली संघर्ष समिति के आह्वान पर पैंशन विहीन कर्मचारियों द्वारा 28 जून को जींद से कर्मचारी आक्रोश मार्च शुरू कर रहे हैं। इसी कड़ी में पानीपत जिले में भी 10 जुलाई को कर्मचारियों द्वारा पेंशन बहाली को लेकर आक्रोश मार्च निकाला जाएगा। अगर आक्रोश मार्च से सरकार कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाती है तो आगामी 1 सितंबर को समिति के बैनर तले कर्मचारी पंचकूला स्थित मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। इस अवसर पर विक्रम जेई, सुनील डबास, रोडवेज नेता सुलतान मलिक, बिजली विभाग से महीपाल घनघस, धुरव एसडीओ, प्रदीप जांगडा, हुक्मचंद,

## नशे को खत्म करने के लिए हर वर्ग एकजुट होः संदीप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



**पानीपत।** नशे के विरोध में गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक करते हुए डीएसपी संदीप। *फोटो : हरिभूमि*

समाज को नशा मुक्त करने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा चलाए गए नशा मुक्त हरियाणा पखवाड़ा अभियान के तहत मंगलवार को जिला के सभी थाना प्रभारियों ने गांव के सरपंचों व वार्ड के मौजिज व्यक्तियों के साथ थाना परिसर में बैठक कर नशे के दुष्परिणामों की जानकरी देकर पानीपत जिला को नशा मुक्त करने में सहयोग की अपील की। वहीं, डीएसपी संदीप कुमार ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई से लडने के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होना होगा। तभी हम इस अभिशाप को जड़ से खत्म कर सकते हैं। । नशा मुक्त व अपराधमुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे। पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है। मगर लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करने तथा इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है। उन्होंने कहा नशे को जड़ से खत्म करने के लिए समाज के प्रत्येक नागरिक को अहम जिम्मेदारी निभानी होगी। इस दौरान सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि आपके गांव, मौहल्ला, कालोनी इत्यादी में कोई भी व्यक्ति नशीले पदार्थ बेचने या खरीदने का कार्य करता है तो उसकी सूचना पानीपत एंटी नारकोटिकस सेल इंचार्ज के मोबाइल नंबर 7419600124 या संबंधित थाना, सीआईए प्रभारी या चौकी इंचार्ज के नंबर पर दे सकते है। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। स्मरणीय है कि नशे के खिलाफ नशा मुक्त हरियाण पखवाड़ा चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने जिला में जागरूकता अभियान के सफल आयोजन के लिए सभी पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्जो को विशेष दिशा निर्देश दिए है। जिला पुलिस की टीमें प्रतिदिन विभिन्न कॉलोनियों व गांवों में जाकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देकर लोगों को जागरूक कर रही है।

## विरासत व विकास को साथ लेकर चल रहे है पीएम मोदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



**पानीपत।** भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान प्रदेश प्रमुख गजेंद्र सलूजा का स्वागत करते हुए आयोजक।

शिव भगवान नील कंठ दूसरे के कष्ट सहकर समाज की सेवा करने का संदेश देते है। नील कंठ महाराज ने विष पीकर देवताओं तथा सृष्टि की रक्षा की हमे भी अपने उपर चाहे कितने कष्ट आए, परन्तु हमें सदैव समाज के कष्ट दूर करने में अपनी पूरी क्षमता लगा देनी चाहिए। ये शब्द भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान प्रदेश प्रमुख गजेंद्र सलूजा ने बिशन स्वरूप कालोनी स्थित निराला धाम, शिव मंदिर में मुख्य अतिथि के रूप में कही। वहीं, कार्यक्रम में पहुंचने पर हरीश मल्होत्रा, सतीश अग्गी तथा दीपक मल्होत्रा ने पगड़ी पहनाकर तथा अन्य लोगों ने माला पहनाकर पुष्प गुच्छ भेंट कर तथा शॉल ओढाकर गजेंद्र सलूजा का स्वागत किया। इधर, गजेंद्र सलूजा ने कहा की विकास तथा विरासत साथ साथ चलने चाहिए जो प्रधानमंत्री मोदी बाखूबी कर रहे है। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ओर मूलभूत संरचना का का अभूतपूर्व विकास करता वही दूसरी ओर राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करवाई तथा भगवान शिव के धाम केदारनाथ, महाकाल कोरिडोर तथा भव्य काशी बना विरासत का संवर्धन किया। कार्यक्रम को, भाजपा राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख ओबीसी मोर्चा डॉ राजबीर आर्य, वरिष्ठ भाजपा नेता ईश कुमार राणा व भाजपा जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा रविंद्र तुषामढ़ ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय जैन, रमेश सैन, तरुण पासरीजा, नरेंद्र आजाद, हरीश मल्होत्रा, अंकुर सलूजा, अशोक गुलाटी, मिड्ढा, अमित, विशाल, किशोर वर्मा तथा जोगिंद्र खन्ना आदि मौजूद रहे।

## कॉलेजों में ऑन लाइन पंजीकरण की तारीख बढ़े : बलराज

**पानीपत।** पानीपत जिला के सभी राजकीय कॉलेजों और एसडी कॉलेज, आईबी कॉलेज व आर्य कॉलेजों में दाखिला पंजीकरण की तारीख बढाने की मांग को लेकर इनसो के जिला प्रधान बलराज देशवाल और इनसो राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र जैलदार के नेतृत्व में छात्रों ने तहसीलदार विरेंद्र गिल के माध्यम से हायर एजुकेशन डायरेक्टर को ज्ञापन भेजा है। इनसो छात्र नेताओं ने बताया की पानीपत के राजकीय और ऐडेड सभी 14 कालेजों में 15083 सीटों पर ऑन लाइन दाखिलों के लिए पंजीकरण तीन जून से शुरू हो चुका है जो 25 जून रात 12 बजे तक होगा। वहीं जिले में 12वीं में हरियाणा बोर्ड में 9843 और सीबीएसई में 5450 विद्यार्थी पास हुए हैं। इस प्रकार से छात्रों की संख्या ज्यादा होने के कारण व नेट सर्वर डाऊन होने के कारण कालेजों में दाखिलों के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। कई बार बीच बीच में पोर्टल नहीं चल पाता। इइसलिए छात्र नेताओं ने मांग की है की इन कालेजों में आनलाईन पंजीकरण की तारीख 25 जून से बढाकर आगे की जाए। जिससे सभी छात्र आवेदन कर पाएं। इस अवसर पर रितिक चहल, रोबिन खर्ब, प्रमोद शर्मा, पंकज गुर्ज्जर व युवराज सिंह आदि छात्र मौजूद रहे।



## 312 शिकायतकर्ताओं ने रखी प्रशासन के सामने अपनी समस्याएं

# जनता की हर शिकायत का समाधान होगा: डॉ वीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



पानीपत। जनसुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ वीरेंद्र, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट आदि।

राज्य सरकार के दिशा निर्देश पर जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित किये जा रहे समाधान शिविरों में अपनी समस्याओं का समाधान करवाने के लिए लगातार पहुंच रहे है। शिविर में लोगों के पहुंचने के ग्राफ में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। यह सब उपायुक्त द्वारा निष्ठद्दतापूर्वक निपटाई जा रही जनसमस्याओं का ही परिणाम है कि लोगों में उनके प्रति बढ़ता विश्वास समाधान शिविरों में पहुंचने के लिए आमंत्रित करता है। उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने शिकायतकताअरं से आग्रह किया कि किसी कारण से अगर उनकी समस्या के समाधान में देरी होती है तो वे दोबारा भी कार्यालय समय में उनसे मिल सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि शिकायतकताअरं की संख्या में रोजाना बढ़ोतरी हो रही है। इसके मद्देनजर दो टेबल और बढ़ाने का निर्णय लिया गया है ताकि समस्या लेकर पहुंचने वाले लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने बताया कि रैडक्रास के सहयोग से दिव्यांग जनों के लिए दो व्हील चेयर रखी जाएगी ताकि उन्हें समाधान शिवरि में द्वितीय तल पर पहुंचने में असुविधा का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे निर्धारित समय के बाद भी अगर कोई शिकायतकर्ता शिकायत लेकर पहुंचता है तो उसकी समस्या का समाधान करें। उपायुक्त ने आम जन से भी अपील की है कि वे 9 बजे से 11 बजे तक जो समय समाधान शिविर के लिए निर्धारित है उसी समय समस्याओं को लेकर शिविर में पहुंचे व समय की कीमत को पहचाने। मंगलवार को 312 शिकायतकर्ताओं ने प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। उपायुक्त ने 70 का मौके पर अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से समाधान किया। समाधान शिविर में दिव्यांग जसमीन ने प्रशासन के सामने आधार कार्ड बनाने की अपील की जिस पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। दिव्यांग जयसिंह वासी गवालड़ा ने अपनी दुर्दशा का बख्यान करते हुए मकान बनवाने की अपील की। सामाजिक कार्यकर्ता कुमारी रंजिता कौशिक ने बांध गांव में पानी की समस्या को प्रशासन के सामने रखा व बताया कि 1 किलोमीटर दूर से पानी लाने के लिए महिलाएं मजबूर है। उन्होंने गांव की गलियों को दुरस्त करने व महिलाओं के लिए सिलाई सैन्टर बनवाने की मांग भी रखी। उपायुक्त ने पब्लिक हैल्थ के अधिकारियों को तत्काल जगह का मुआयना कर पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। रीना देवी ने फैमली आईडी में आय कम कराने की अपील की। इस पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से कार्य करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में कृषि विभाग से जुड़ी समस्या भी ईशम वासी डाडौला ने रखी। उन्होंने पाइप लाईन दबाने के लिए आदेश निरस्त करने व उजाड़ी गई धान की क्षतिपूर्ति करने का आग्रह उपायुक्त से किया। धर्मा वासी बापौली ने ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड होने की स्थिति में दूसरा ट्रांसफार्मर लगाने की प्रशासन से अपील की। उपायुक्त ने इस सदंर्भ बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों को शिकायतकर्ता की शिकायत पर संज्ञान लेने के निर्देश दिए। मामले में सतीश शर्मा वासी नांगल खेड़ी ने एक अन्य व्यक्ति द्वारा उनके मकान में रहकर दूसरे बिजली कनेक्शन के लिए जो आवेदन किया है उसे निरस्त करने की अपील की। उन्होंने उपायुक्त से इस मामले की जांच पड़ताल गहनता से करने का अनुरोध किया। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि समाधान शिविरों में पहुंचने वाली समस्याओं का निश्चित अवधि में समाधान किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भटट, एडीसी डॉ.पंकज, सीईओ जिला परिषद गौरव, सीटीएम टीनू पोसवाल, जीएम रोडवेज कुलदीप जांगड़ा, डीआरओ रणविजय सुलतानिया, सीएमओ जंयत आहुजा, कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ.आदित्य डबास, जिला रोजगार कार्यालय अधिकारी रीतू चहल, मतस्य अधिकारी अनुज कुमारी, समाज कल्याण अधिकारी जयपान हुडडा, कृषि विभाग के एसडीओ देवेन्द्र के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

**न्यायालय तहसीलदार कम-सब- रजिस्ट्रार पानीपत।**

**विषय : सुनील मलिक पुत्र श्री किशोरी लाल मलिक निवासी मकान नम्बर 576, आर माडल टाउन पानीपत**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

हर आम व खास को सूचित किया जात है सुनील मलिक पुत्र श्री किशोरी लाल मलिक निवासी मकान नम्बर 576, आर माडल टाउन पानीपत ने वारसान तसदीक हेतू पेश किया है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता किशोरी लाल मलिक की दिनांक 18/5/2021 को मृत्यु हो चुकी है किशोरी लाल की माता श्रीमति साहिब देवी की काफी अरसा पहले मृत्यु हो चुकी है यह कि किशोरी लाल मलिक की मृत्यू उपरान्त उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं हल्का पटवारी एवं लोकेश नांगरू नगर निगम पार्षद वार्ड-20 द्वारा अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है

1 - श्रीमति किरण मलिक पत्नी 2 सुनील मलिक पुत्र 3 जतिन मलिक पुत्र 4- प्रियंका पुत्री 5- चंचल कपूर पुत्री 6 नीरज पुत्री

मृतक का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। इनके इलावा मृत्तक किशोरी लाल मलिक पुत्र श्री बहादुर चन्द का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस/इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृत्तक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

**यह नोटिस बात इश्तहार आज दिनांक 24/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।**

**हस्ता/-तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत।**

